**मांग** | अभिभावकों ने की जांच की मांग, सूचना अधिकार के तहत जानकारी न देकर आवेदक को किया गुमराह

# व्यावसायिक मद की राशि के दुरूपयोग का प्राचार्य पर लगा आरोप

**शहडोल, नवभारत।** जनपद शिक्षा केंद्र ब्योहारी अंतर्गत शासकीय हायर सेकंड्री स्कूल भोलहरा मे प्रचार्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 मे ब्यवसायिक मद मे प्राप्त राशि से आई.टी. एवं आई.टी.जी.एस. ट्रेड के अंतर्गत 5 लाख 69 हजार 8 सौ रूपये का 7 नग कम्प्यूटर, फिजिकल ट्रेड अंतर्गत गेस्ट लेचर्र मे 17500, आई टी एवं आई टी जी एस ट्रेड अंतर्गत गेस्ट लेचर्र मे 17500, फिजिकल ट्रेड अंतर्गत बच्चों के अद्योगिक भ्रमण मे 30000 और आई टी एवं आई टी जी एस ट्रेड अंतर्गत बच्चों के अद्योगिक भ्रमण में 30000 व्यय किया गया है।




सूत्रों द्वारा व्यावसायिक मद से कम्प्यूटर क्रय कर राशि का दुरूपयोग किया जाने का आरोप लगाया जा रहा है। उनके द्वारा कहा जा रहा है कि इसकी जांच करायी जाय कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यावसायिक मद मे जो राशि शासन द्वारा भेजी गयी है वह किस कार्य के लिये भेजी गयी थी, कम्प्यूटर क्रय किसके आदेशानुसार व्यावसायिक मद से कितने नग क्रय किया गया और कितने नग क्रय किया जाना था आदि तमाम पहलुओं से रिकार्ड मंगा कर जांच कराये जाने की मांग की जा रही है वास्तविकता का खुलासा जांच से ही हो सकता है।

### शौचालय मरम्मत में गोलमाल

छात्र एवं अभिभावकों ने बताया कि स्कूल के शौचालय मे चारो तरफ गंदगी फैली हुई है। वंहा शौचालय से बदबू आता है जबकि शौचालय मरम्मत के नाम पर विद्यालय मे वित्तीय वर्ष 2024-25 मे 50 हजार रूपये शासन द्वारा बजट उपलब्ध कराया जाना बताया जा रहा है। अभिभावकों ने शौचालय मरम्मत मे हुए ब्यय की जांच कराये जाने की मांग की है। उनके द्वारा कहा गया कि जो राशि शौचालय मरम्मत के नाम पर आयी है उससे क्या - क्या कार्य कराया गया है और कितनी राशि किसके नाम पर आहरित की गयी है इसकी जांच करायी जाय जिससे हुए फर्जीवाड़े से पर्दा हट सके।

### अंकित फोटो कापी बना विद्यालय का कार्यालय

सूचना अधिकार के तहत शासकीय हायर सेकंड्री स्कूल भोलहरा से दस्तावेज आर.टी.आई. कार्यकर्त्ता द्वारा चाहा गया जिसकी गणना कर विद्यालय के प्रचार्य ने 78 रूपये अंकित कम्प्यूटर में जमा कर जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया गया किन्तु अंकित कम्प्यूटर मे जब जानकारी हेतु सम्पर्क किया गया तो वंहा से भी जानकारी नहीं मिली। आवेदक को गुमराह किया गया। प्रचार्य ने विद्यालय का कार्यालय अंकित फोटो कांपी कि दुकान मे बना रखा है जो बहोत ही गंभीर विषय है जिसकी भी जांच कराकर कार्यवाही की मांग की जा रही है अब देखना यह है कि इसे कितनी गंभीरता से लिया जाता है और क्या कार्यवाही होती है।



# छात्र-छात्राओं ने रामायण के पात्रों को किया जीवंत

**महर्षि विद्या मंदिर में मनाया गया दीपोत्सव**

**शहडोल।** महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकण्डरी स्कूल कल्याणपुर में दीपावली के उपलक्ष्य में दीपोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। नन्हें बच्चे देवी-देवताओं की मनोहारी छवि में उपस्थित हुये। कार्यक्रम में वनवासी राम, लक्ष्मण एवं सीता जी का आगमन दर्शाया गया जिसे नाट्य रूप में प्रदर्शित किया गया फिर वनवासी राम, राजा राम के रूप में पूरे परिवार के साथ आसन पर विराजमान हुये। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रामदरबार की पूजा-अर्चना विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी, एकेडमिक इंचार्ज कीर्ति गुप्ता एवं प्राथमिक एकेडमिक इंचार्ज प्रतिभा पाण्डेय द्वारा सम्पन्न किया गया तत्पश्चात् दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

श्रीराम की छवि में छात्र सानिध्य तिवारी, आयुष सिंह लक्ष्मण जी की छवि में, सीता जी की छवि में छात्रा संस्कृति बघेल, लक्ष्मी जी की छवि में वंशिका तिवारी, साक्षी प्रजापति, आराध्या, आर्याना सिंह एवं सौम्या नायक ने प्रस्तुतिकरण किया, पार्वती जी की छवि में अंशिका गुप्ता, सरस्वती जी की छवि में वैभवी विश्वकर्मा एवं कल्पांतिका तिवारी, माँ शैलपुत्री की छवि में अदिति सिंह एवं कीर्ति तिवारी, माँ कुशमांडा की छवि में सानवी तिवारी, रिद्धि की छवि में परी सिंह, सिद्धि की छवि में शानवी सिंह, बजरंगबली की छवि में उत्कर्ष सोर एवं स्वरित तिवारी, गणेश जी की छवि में सिद्धांत पाण्डेय एवं कार्तिकेय जी की छवि में अभिषेक त्रिपाठी ने अभिनय किया।

कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन एवं सम्पादित करने में विद्यालय की शिक्षिका मधुमिता सिंह, सपना द्विवेदी एवं सुभाषिनी चौहान के साथ-साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**शहडोल।** मध्यप्रदेश राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में संभाग स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया उक्त प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर उपस्थित रहीं । कविता सिंह मरकाम जिला महामंत्री, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक केसरवानी,नगर महामंत्री भाजपा अनुपम द्विवेदीएवं महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त प्रतियोगिता में शहडोल जिला विजेता रहा एवं अनूपपुर जिला उपविजेता। उक्त आयोजन क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार शुक्ला संगठन सचिव के निर्देशन में संपन्न हुआ ।अनूपपुर जिला से डॉ. रामायण प्रसाद वर्मा डॉ. आनंद कुमार मिश्रा शासकीय महाविद्यालय राजनगर केशवाही से डॉ. राम बहादुर सिंह बुढार महाविद्यालय से डॉ नृपेंद्र सिंह ब्योहारी महाविद्यालय से विजय प्रताप सिंह क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रभारी प्राचार्य पर अतिथि शिक्षक भर्ती में घूस मांगने का आरोप

**आवेदिका ने 30 हजार की रिश्वत मांगने पर की शिकायत**

**गोहपारू, नवभारत।** शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है ।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खन्नौधी के प्रभारी प्राचार्य विष्णु कुमार मिश्रा परअतिथि शिक्षक भर्ती के नाम पर 30,000 की रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया गया है ।आवेदिका अंकिता शर्मा, पिता रामकुशल शर्मा, ने इस संबंध में संभागायुक्त शहडोल कोलिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

आवेदिका ने बताया कि उन्होंने अतिथि शिक्षक वर्ग-03 के लिए3 सितंबर 2025 को जारी विज्ञापन के तहत प्राथमिक विद्यालय रतहर मे आवेदन किया था। स्कोर कार्ड के अनुसार उनका चयन सर्वाधिक अंक के आधार पर हुआ था ।लेकिन प्रभारी प्राचार्य नें रिकॉर्ड वेरिफिकेशन के लिए संकुल विद्यालय बुलाया रिकॉर्ड जाँच के दौरान उनसे 30,000 की मांग की गई ।राशि न देने पर चयन प्रक्रिया से बाहर कर देने का धमकी दिया गया।

### रिश्वत न देने पर रोकी नियुक्ति

अंकिता शर्मा के अनुसार, संकुल प्राचार्य ने कहा कि पैसे दिए बिना भर्ती नहीं की जाएगी। ऊपर तक पैसा पहुंचाना पड़ता है । उन्होंने बताया कि 17 सितंबर 2025 को संकुल केंद्र में रिकॉर्ड लेकर उपस्थित होने को कहा गया था,लेकिन रिश्वत देने से इंकार करने के बाद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### संभागायुक्त से जांच की मांग

आवेदिका ने अपने आवेदन में संभागयुक्त शहडोल से मांग की है किप्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध तत्काल जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए,ताकि भविष्य में कोई अधिकारी भर्ती प्रक्रिया कोअपनी जेब भरने का माध्यम न बना सके ।यह मामला सिर्फ एक अभ्यर्थी का नहीं,बल्कि उस पूरे सिस्टम का आईना है जहाँयोग्यता की जगह रिश्वत का भाव तय करता है चयन ।यदि विभाग ने अब भी कार्रवाई नहीं की,तो शिक्षा के नाम पर चल रहा यह भ्रष्टाचार का खेल और गहरा जाएगा।

### पहले भी लग चुके हैं भ्रष्टाचार के आरोप

जानकारी के अनुसार, प्रभारी प्राचार्य विष्णु कुमार मिश्रा परपहले भी कई बार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं ।कई शिकायतों के बावजूद विभागीय कार्रवाई न होने सेअधिकारी का मनोबल और बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि ऐसे अधिकारी शिक्षा व्यवस्था में रहेंगे, तो योग्य अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल (म.प्र.)**
Office of the Municipal Council Shahdol, Distt.Shahdol (MP)

D.D. Complex, Near Tagore Park Shahdol, Distt. Shahdol- 484001
Email: cmoshahdol@mpurban.gov.in
Ph.No. 07652-245175 (O), 241015(F)

क्रमांक/न.पा.श./8519 **निविदा आमंत्रण सूचना** शहडोल, दिनांक 16/10/2025

एतद् द्वारा केन्द्रीय पंजीयन पद्धति से पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये विवरण अनुसार ऑनलाईन पद्धति से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई. टी.नं. | ई-टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समय सीमा | पोर्टल पर निविदा देखने एवं सबमिट करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8485 | 2025_UAD_457802_1 | CONSTRUCTION OF CCDRAIN IN WARD NO. 8 SHAHDOL AS PER NIT AND ESTIMATE | 3.80 | 3800 | 2000 | Registered Contractors and firms As per NIT | 30 Days | 16.10.2025 से 30.10.2025 समय 5:30 PM तक |

1. इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 2. किसी भी प्रकार का एन.आई.टी. से संबंधित शुद्धीपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा समाचार पत्रों में नहीं किया जवेगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्तें ऑनलाईन एवं कार्यालय के लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।

**(अक्षत बुंदेला) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद शहडोल**


# बेटियों को खेल के प्रति बढ़ावा देने आयोजित हुई फुटबाल स्पर्धा



**शहडोल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में ग्राम विचारपुर में बेटियों को खेल में बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेलो इंडिया स्माल सेंटर विचारपुर एवं विचारपुर खेल मैदान टीम के मध्य फुटबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खेलो इंडिया स्माल सेंटर विचारपुर की फुटबाल टीम विजय रही है। इस अवसर पर विधायक मनीषा सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियो को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को खासकर लड़कियों को डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक में कैरियर बनाने के साथ-साथ अब खेल गतिविधियो में सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा खेलो को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से विभिन्न खेल गतिविधियो का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सांसद खेल महोत्सव, विधायक कप, खेलो इंडिया आदि शामिल है। खेल गतिविधियों में खिलाडी बढ़ चढकर सहभागिता निभाते हुए अपने देश, जिला, गांव, विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। इस अवसर पर पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के संचालक शारीरिक शिक्षक एवं खेल विभाग डॉ. आदर्श तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री अखिलेश मिश्रा, समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग अजय सोंधिया, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, दयानंद सोंधिया, अनिल सिंह फुटबॉल कोच, यशोदा सिंह, रजनी सिंह फुटबॉल कोच सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं फुटबाल खिलाड़ी उपस्थित रहे।



### अवैध शराब व जुआ सट्टा को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** सोहागपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे ग्राम-जमुई में खुले आम शराब की अवैध बिक्री तथा बामन पत्ती का खेल खुलेआम चलता है, कई बार सक्षम अधिकारियों से मिलकर इस अवैध कारोबार को बन्द कराने व दोषीजनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु चर्चा की गई, किन्तु आज तक कोई सार्थक व प्रभावी कदम नहीं उठाया गया, इसी को लेकर भाजपा सोहागपुर के मण्डल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने ग्रामीणों सहित पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जमुई में शराब की अवैध बिक्री और जुआ फड़ के विरूद्ध उचित व कड़ी से कड़ी कार्यवाही कराये जाने की मांग की।

# 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल स्पर्धा का समापन



**शहडोल बनी विजेता, विजयी खिलाड़ियों को मेडल एवं शील्ड से किया पुरस्कृत**

**शहडोल ।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने स्टेडियम में पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत मायने नही रखती है, बल्कि हार से सबक लेकर अच्छे खेल का प्रदर्शन करें ।

उन्होने कहा कि पांच दिवसीय 69वीं राज्ये स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में सभी खिलाडियो ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया है ।उन्होने कहा कि खेल के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है, इसलिए आवश्यक है कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने कैरियर का लक्ष्य निर्धारित करें और लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता आपको मिलेगी ।विदित हो कि उमरिया में आयोजित पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में 10 टीमों के 180 बालक एवं 40 आफिसियल्स ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शहडोल टीम को,व्दितीय स्थान प्राप्त करने पर सागर टीम को तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर जन जातीय कार्य विभाग को मेडल एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। इसी तरह स्टेट आफिसियल, संभागीय टीम प्रमुख तथा आवास व्यवस्था में सहयोग करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक खेल रईस अहमद खान,जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी,स्कूल शिक्षा विभाग से शेख सलीम,प्राचार्य आर.सी. स्कूल विश्वजीत पांडे, संतोष सिंह सहित खिलाडी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने मध्यप्रदेश खेल ध्वज का अवतरण करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ध्वज सौंपा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील मिश्रा ने किया ।



# वोकल फॉर लोकल मिनी फेयर का हुआ आयोजन

**शहडोल ।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वोकल फॉर लोकल अभियान के अंतर्गत स्वदेशी कलाकृतियों एवं उत्पादों को प्रोत्साहित करने हेतु वोकल फॉर लोकल मिनी फेयर आयोजन किया गया ।मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपनी पारंपरिक कलाओं और हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। परिसर प्रभारी डॉ. गीता सराफ ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ का संदेश वर्तमान समय की आवश्यकता है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से वोकल फॉर लोकल अभियान को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों द्वारा प्रज्वलित सेवा की मशाल केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे कार्यों की ऊर्जा का प्रतीक है जो समाज निर्माण की प्रेरणा देती है। विश्वविद्यालय परिवार, विभागाध्यक्षों, अतिथि विद्वानों, छात्र-छात्राओं सहित सभी ने इस मेले से दिवाली की खरीदारी कर 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को साकार किया। मेले में अमृता द्विवेदी, शशि, नंदनी प्रजापति, गोलू चक्रवर्ती और अमित ने स्वदेशी निर्मित वस्तुओ का स्टॉल लगाए। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के प्रोफेसर, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।


